Hindi

8 सुझाव

तूफ़ान से निपटने के लिए जो तैयारी आप अब कर सकते हैं

1 बग़ीचे और बालकनी की देखरेख करें

जो चीज़ें तेज़ हवा में इधर-उधर उड़ सकती हैं उन्हें या तो सुरक्षित कर दें या वहाँ से हटा दें

2 परनालों (गटर) को साफ़ करें

पानी के बहाव में रुकावटों को रोकने के लिए अपने गटर, छत से नीचे पानी लाने वाले पाइपों और नालियों को नियमित रूप से साफ़ करें

3 शाखाओं को काटें

ऐसे पेड़ों और शाखाओं को काटें जो आपकी सम्पत्ति या घर पर गिर सकते हैं

4 छत की टूट-फूट की मरम्मत करें



छत पर हुई किसी भी टूट-फूट की व अगर कोई टाइल निकल गई है या टूट गई है तो उसकी मरम्मत करें

5 बीमे की जाँच करें

देखें कि आपकी बीमे की पॉलिसी वर्तमान में लागू होने वाली व पर्याप्त है

6 आपात-कालीन स्थिति के लिए योजना बनाएँ

अपने परिवार के लिए एक योजना बनाएँ जिसमें इसकी रूप-रेखा हो कि आपात-कालीन स्थिति में आप क्या करेंगे

7 आपात-कालीन स्थिति के लिए सामान का एक डिब्बा तैयार करें

यदि बिजली आनी बंद हो जाए या आपको घर छोड़ कर जाने की ज़रूरत पड़ जाए तो इसके लिए एक आपात-कालीन सामान का डिब्बा तैयार करें (जाँच-सूची देखने के लिए पृष्ठ पलटें)

8 स्थानीय रेडियो को सुनते रहें

मौसम के बारे में चेतावनियों के लिए अपने स्थानीय रेडियो स्टेशन व अन्य मीडिया को सुनते रहें

SES NSW STATE EMERGENCY SERVICE

Storm Safe

Principal Partner NRMA INSURANCE

आपके आपात-कालीन समय के लिए सामान के डिब्बे की जाँच-सूची

आपके आपात-कालीन सामान के डिब्बे में ऐसी चीज़ें होती हैं जिनकी आपको बिजली आनी बंद हो जाने या जल्दी में घर छोड़ कर जाने के समय ज़रूरत हो सकती है। आपके आपात-कालीन सामान के डिब्बे के लिए चीज़ें:

- ☐ एक पोर्टेबल रेडियो व अतिरिक्त बैटरियाँ
- ☐ एक टॉर्च व अतिरिक्त बैटरियाँ
- ☐ एक फ़र्स्ट एड (प्राथमिक चिकित्सा) के सामान का डिब्बा
- ☐ मोमबत्तियाँ और पानी में न भीगने वाली (वॉटरप्रूफ़) माचिसें
- ☐ महत्वपूर्ण दस्तावेज़ व आपातकाल में संपर्क करने के लिए नम्बर
- ☐ आपकी आपातकालीन योजना की कॉपियाँ
- ☐ क़ीमती सामान के लिए पानी में न भीगने वाला एक (वॉटरप्रूफ़) बैग

अपनी सम्पत्ति छोड़ कर या खाली करके जाते समय,
अपने आपातकालीन सामान के डिब्बे में निम्न चीज़ें रखें:

- ☐ दवाएँ
- ☐ अपने बच्चे के लिए आपूर्ति
- ☐ आपकी देखभाल में रह रहे अन्य लोगों के लिए आपूर्ति
- ☐ उचित कपड़े और जूते
- ☐ भोजन और पीने का पानी

Principal Partner NRMA INSURANCE

प्रमुख साथी NRMA INSURANCE

बाढ़, तूफ़ान और सूनामी में आपातकालीन सहायता के लिए फ़ोन करें:

132 500

अधिक जानकारी के लिए NSW एसइएस (NSW SES) को 1800 201 000 **पर फ़ोन करें या** www.stormsafe.com.au **पर जाएँ**

#NSWSES **/NSWSES** **/NSWSES**